मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया

मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया,
रोवे री कन्हैया मेरा रोवे री कन्हैया,
मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया॥

पलना नहीं झूले वो अंगना नहीं खेले,
मैं कहां से लाऊं री याहै बांस की बसुरिया,
मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया॥

लड्डू नहीं खावे वो तो पेड़ा नहीं खावे,
मैं कहां से लाऊं री याहै माखन और मिश्रिया,
मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया॥

दूध नहीं पीवे लाला दही नहीं खावे,
मैं कहां से लाऊं री खट्टी छाछ की मटकिया,
मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया॥

शाल नहीं ओढ़े दुशाला नहीं ओढ़े,
मैं कहां से लाऊं री याहै काली सी कमरिया,
मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया॥

ललिता से ना बोले विशाखा से ना बोले,
मैं कहां से लाऊं री याहै राधा सी दुल्हनिया,
मैं गोकुल जाऊं री मेरा रोवे री कन्हैया......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25253/title/main-gokul-jaau-ri-mera-rove-ri-kanhayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |